# मेकॉन का संक्षिप्त अवलोकन

1959 में **सीईडीबी** के रूप में स्थापित **मेकॉन लिमिटेड,** भारत का अग्रणी अभिकल्पन, अभियांत्रिकी, परामर्शी और संविदात्मक संस्थान है, जो ग्रीनफील्ड परियोजनाओं के साथ साथ ब्राउनफील्ड परियोजनाओं के लिए आवश्यक सम्पूर्ण सेवाओं के अलावा कॉनसेप्ट (संकल्पना) से लेकर कमीशनिंग तक, जिसमें ईपीसी निष्पादन भी शामिल हैं, प्रदान करता है। मेकॉन, जिसके पास कार्यालयों का पैन इंडिया नेटवर्क है, एक अनुभवी एवं समर्पित अभियंतागण, वैज्ञानिकगण एवं प्रौद्योगिकीविद के साथ एक बहु-अनुशासनात्मक संगठन है। अपने छह दशकों से अधिक के संचालन में, मेकॉन के पास, भारत एवं विदेशों में विभिन्न ग्राहकों के लिए विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं के लिए 4,000 से अधिक परामर्शी एवं ईपीसी असाइनमेंट का श्रेय है। मेकॉन ने भारतीय लौह एवं इस्पात उद्योग के विकास और विस्तार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। **मेकॉन** एक **आईएसओ** 9001 प्रमाणित संस्थान है जिसके विभिन्न क्षेत्रों में विश्व भर में फैले अग्रणी संस्थानों के साथ प्रौद्योगिकीय गठबन्धन है।

## गतिविधियों के क्षेत्र

- **धातुएँ**

  कच्चा माल एवं खनन, परिष्करण (बेनेफ़िसिएसन), कोक ओवन, उपोत्पाद संयंत्र, एग्गलोमेरेशन, लौह निर्माण, इस्पात निर्माण एवं कॉस्टर, रोलिंग मिलें, अ-लौह एवं एसोसिएटेड सहायक सुविधाएं।

- **ऊर्जा**
  - **तेल एवं गैस**

    लंबी दूरी की हाइड्रोकार्बन पाइपलाइन, संपीड़ित प्राकृतिक गैस (**सीएनजी**) स्टेशन और सिटी गैस वितरण (**सीजीडी**) नेटवर्क, पीओएल टर्मिनल, कोल बेड मीथेन (**सीबीएम**) परियोजनाएं, एलएनजी/एल-सीएनजी वर्क्स, ग्रुप गैदरिंग स्टेशन, गैस प्रोसेसिंग प्लांट, गैस कंप्रेसर स्टेशन, एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, वाटर इंजेक्शन प्लांट, इन-सीटू कम्बसन प्लांट, रिफाइनरी, पेट्रोकेमिकल प्लांट, हाइड्रोजन।

- **शक्ति**
  - तापीय (थर्मल), जलीय (हाइडल) एवं सौर ऊर्जा उत्पादन, संचारण (ट्रासंमिशन) एवं वितरण, ऊर्जा प्रबंधन एवं ऑडिट (अंकेक्षण), अपशिष्ट हीट रिकवरी परियोजनाएँ।

- **आधारभूत संरचना**

  संस्थागत और हरित भवन, स्वास्थ्य देखभाल, बंदरगाह (पोर्ट) एवं सामग्री संचालन (हैंडलिंग), अंतरिक्ष (स्पेश), प्रतिरक्षा, खेल परिसर, जल प्रबंधन और डी-सेलिनेशन, सड़क और पुल, टाउनशिप, पर्यावरण इंजीनियरिंग, दूरसंचार, आदि।

## सेवाओं की श्रेणी

1. **परामर्शी एवं प्रबंधन परियोजनाएँ**
    - बाजार सर्वेक्षण एवं उत्पाद मिश्रण
    - संभाविता प्रतिवेदन (फिजिबिलिटी रिपोर्ट)
    - विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (रिपोर्ट)
    - बुनियादी एवं विस्तृत अभियांत्रिकी
    - प्रोक्योर्मेंट एवं संविदा अभियांत्रिकी
    - निर्माण एवं परियोजना प्रबंधन
    - निरीक्षण एवं शीघ्रता
    - कम्प्यूटरीकरण एवं औद्योगिक स्वचालन (ऑटोमेशन)
    - **ईआईए/ईएमपी** रिपोर्ट
    - परिसंपत्ति मूल्यांकन **(**एसेट वैल्यूएशन)
    - तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता
    - यथोचित परिश्रम
    - सेफ्टी ऑडिट
    - ऋणदाता स्वतंत्र अभियंता
    - अवशिष्ट जीवन आकलन (आरएलए) / नवीनीकरण, आधुनिकीकरण और उन्नयन (आरएमयू)

2. **ईपीसी निष्पादन**
    - अभिकल्पन, अभियांत्रिकी, खरीद एवं आपूर्ति
    - इरेक्शन एवं कमीशनिंग
    - प्रदर्शन गारंटी मानकों को प्राप्त करना
    - कमीशनिंग उपरांत सेवाएँ

3. **ईपीसीएम/ईपीएमसी सेवाएँ**

4. **मूल्य संवर्धित सेवाएँ**
    - लेन-देन सलाहकार सेवाएँ
    - प्रौद्योगिकी उन्नयन
    - उत्पादकता वृद्धि
    - ऊर्जा अनुकूलन और ऊर्जा लेखा परीक्षा
    - टर्नअराउंड एवं पुनर्रचना रणनीतियाँ
    - संयत्रों का स्थान परिवर्तन
    - विलय एवं अधिग्रहण

मेकॉन लिमिटेड
(भारत सरकार का संस्थान)
MECON Limited
(A GOVT.OF INDIA ENTERPRISE)

## निगमित सूचनाएँ

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | संगठन का नाम | : | मेकॉन लिमिटेड |
| 2 | मुख्यालय | : | रांची, झारखंड |
| 3 | स्थापना की तिथि | : | 31.03.1973 |
| 4 | गतिविधियों का मुख्य क्षेत्र | : | सार्वजनिक एवं निजी दोनों क्षेत्रों में अभिकल्पन अभियांत्रिकी, परामर्शी एवं परियोजनाएँ प्रबंधन सेवाओं के साथ साथ ईपीसी क्रियान्वयन |

## पूँजी संरचना

**पूँजी संरचना (31.03.2022 को यथास्थित)**

(करोड़ ` में)

| | |
|---|---|
| अधिकृत इक्विटी कैपिटल | 41.00 करोड़ |
| पेड-अप इक्विटी कैपिटल | 40.14 करोड़ |

## भौतिक एवं वितीय निष्पादन विवरण

(लाख ` में)

| विवरण | 2017-18# | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 (अनंतिम) |
|---|---|---|---|---|---|
| कारोबार | 44,572.62 | 47,017.24 | 56,117.26 | 71,800.45 | 58,667.12 |
| कुल लाभ | 5,503.20 | 1,905.88 | 9,601.08 | 2,671.45 | 2,795.51 |
| कर पूर्व लाभ/हानि | 4,401.83 | 997.44 | 8,703.40 | 1,910.85 | 1,953.66 |
| कर प्रावधान | -1,400.50 | -376.57 | 1,802.97 | 1,286.48 | 583.81 |
| कर पश्चात् लाभ | 5,802.33 | 1,374.01 | 6,900.43 | 624.37 | 1,369.85 |

#भारतीय लेखा मानक (इंड-एएस) के कार्यान्वयन पर पुन: स्थापित

## जन-शक्ति (मैनपावर)

01.09.2022 को संस्थान का श्रमबल **1105** है।

## 15.09.2022 को यथास्थित बोर्ड स्तरीय नियुक्तियों की स्थिति।

| | | |
|---|---|---|
| केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र संस्थान (सीपीएसई) का नाम | : | **मेकॉन लिमिटेड** |
| कंपनी की अनुसूची | : | 'ए' |
| क्या सूचीबद्ध है | : | जी नहीं। |
| प्रशासनिक मंत्रालय | : | इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार |
| निदेशकगणों के स्वीकृत पदों की संख्या | : | कार्यात्मक : पाँच (5),<br>अंश-कालिक आधिकारिक : दो (2),<br>अंश-कालिक स्वतंत्र : तीन (3) |

मेकॉन लिमिटेड
(भारत सरकार का संस्थान)
MECON Limited
(A GOVT.OF INDIA ENTERPRISE)

## निदेशको की स्थिति का विवरण (15.09.2022 को यथास्थित)

| निदेशकगणों का विवरण | | पृष्ठभूमि | जन्म तिथि | नियुक्ति तिथि | अधिवर्षिता तिथि | पदावधि समाप्ति तिथि/ रिक्ति तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नाम एवं पदनाम | कार्यात्मक/ सरकारी/ गैर-सरकारी | | | | | |
| श्री सलिल कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) एवं निदेशक (परियोजनाएँ) | कार्यात्मक | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक | 16.10.1962 | 25.01.2018 (निदेशक परियोजनाएँ के रूप में) 13.09.2021 (सीएमडी के रूप | 31.10.2022 | 31.10.2022 |
| श्री आर.एच. जुनेजा निदेशक (वित्त) | कार्यात्मक | बी.ई. (मेटालर्जिकल), एम.टेक (मेटा.), स्नातक आईआईआईई, | 30.11.1962 | 20.04.2018 | 30.11.2022 | 30.11.2022 |
| श्री संजय कुमार वर्मा निदेशक (वाणिज्यिक) | कार्यात्मक | बी.एससी. (मेकनिकल इंजीनियरिंग) | 04.08.1967 | 15.01.2020 | 31.08.2027 | 14.01.2025 |
| श्री ए.के. अग्रवाल, निदेशक (तकनीकी) | कार्यात्मक | बी.टेक (मेटालर्जिकल) एवं पीजीडीएम | 02.05.1963 | 01.06.2020 | 31.05.2023 | 31.05.2023 |
| सुश्री सुकृति लिखी, भाप्रसे, सरकारी निदेशक | सरकारी | भारत सरकार के अपर सचिव एवं वितीय सलाहकार | 04.08.1968 | 27.04.2021 | - | अगले आदेश तक |
| श्रीमती मंजू चंद्रा, स्वतंत्र निदेशक | गैर-सरकारी | बीएचएमएस एवं अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर। | 26.09.1953 | 08.11.2019 | - | 20.10.2022 |

**<u>रिक्त पदों की संख्या</u> :** गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशक का 02 (दो) पद
अंशकालिक आधिकारिक निदेशक (सरकारी निदेशक) का 01 (एक) पद

-------